# सिंहस्थ के लिए 730 मीटर सड़क चौड़ीकरण, मुख्यमंत्री के पैतृक मकान का हिस्सा भी जद में



अभय धर्मे, उज्जैन

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत उज्जैन में सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू हो गया है। खजूर वाली मस्जिद से अब्दालपुरा, जीवाजीगंज थाना होते हुए गणेश चौक तक करीब 730 मीटर लंबे मार्ग को 15 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। सड़क चौड़ीकरण की जद में कुल 272 भवन आ रहे हैं। इनमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पैतृक मकान और उनकी बड़ी बहन तथा नगर निगम सभापति कलावती यादव का मकान भी शामिल है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को अब्दालपुरा स्थित अपने पैतृक मकान पहुंचे और कुदाल चलाकर प्रभावित हिस्से को हटाने की शुरुआत की। कार्रवाई से पहले उन्होंने मकान में पूजा-अर्चना की और परिवार के पुराने घर को आखिरी बार देखा। यह मकान उनके दादा रामचंद्र यादव ने 1974 में बनवाया था और इसी में परिवार के सदस्यों का बचपन बीता।

सड़क चौड़ीकरण की जद में अपना पैतृक मकान आने के बावजूद मुख्यमंत्री ने इसे योजना से अलग रखने की कोशिश नहीं की। उन्होंने स्वयं अपने मकान के प्रभावित हिस्से को हटाने की शुरुआत की। इसे सार्वजनिक विकास कार्यों में समान नियमों और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी के उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है। खास बात यह है कि उनकी बड़ी बहन और नगर निगम सभापति कलावती यादव का मकान भी इसी सड़क चौड़ीकरण की जद में है।

नगर निगम के अनुसार, सड़क चौड़ीकरण का उद्देश्य सिंहस्थ के दौरान बढ़ने वाले यातायात और श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाना है। मार्ग चौड़ीकरण और विकास कार्यों के लिए करीब 9.80 करोड़ रुपये खर्च किए जाने की जानकारी दी गई है। प्रभावित भवनों की नपती, सड़क सीमा की मार्किंग और भवन मालिकों को नोटिस देने की कार्रवाई पूरी की जा चुकी है। कुछ स्थानीय लोगों ने भी अपने भवनों के चिह्नित हिस्से स्वयं हटाना शुरू कर दिया है।

मुख्यमंत्री के पैतृक मकान का प्रभावित हिस्सा भी इसी सड़क चौड़ीकरण योजना के तहत हटाया जा रहा है। यह कार्रवाई सिंहस्थ-2028 के लिए उज्जैन में चल रहे सड़क और यातायात संबंधी विकास कार्यों का हिस्सा है।

# खास-खबरें

## एनएसएस इकाई ने राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर मनाया आंगन मिलन समारोह



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशा :** राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय विदिशा में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस क्रम में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने एनएसएस दिवस के अवसर पर अपने गोद ग्राम रंगई में एक दिवसीय कैंप लगाकर विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया। पूरा कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बी डी अहिरवार के मार्गदर्शन एवं विशेष सहयोग से संपन्न हुआ। अभियान के अंतर्गत एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने रंगई स्थित आंगनबाड़ी में पहुंचकर बच्चों और महिलाओं को तथा शासकीय माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राओं को पौष्टिक खाद्य सामग्री जैसे फल, चना, बिस्किट आदि का वितरण किया। इसके साथ ही बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए पठन सामग्री, पुस्तकें, कलर बुक, रंग, पेन और डायरी आदि भी बांटी गईं।

## करारिया शिशु मंदिर में सामूहिक वंदे मातरम् गायन संपन्न

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** वंदे मातरम गायन के डेढ़ सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरस्वती शिशु मंदिर करारिया में सामूहिक वंदे मातरम् का गायन संपन्न हुआ। इसमें 184 प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मुरली धर्मवानी प्रांतीय सदस्य ग्राम भारती शिक्षा समिति मध्यभारत प्रांत, कार्यक्रम के सत्यापित अधिकारी किशोर अहिरवार बैंक मैनेजर केनरा, कार्यक्रम के संयोजक रुपेश साहू, क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता तथा पालक उपस्थित रहे। राष्ट्रीय चेतना का गान वंदे मातरम के संपूर्ण पदों का गायन एवं वंदे मातरम के प्रति राष्ट्रभक्ति भाव एवं स्वतंत्रता के शहीदों का तराना को मुरलीजी के वक्तव्य ने पुनः चेतन कर दिया। वंदे मातरम के नारों की गूंज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## पुत्र-पुत्रियों के करियर की नहीं, संस्कार की चिन्ता करो - पवित्ररत्नविजय महाराज



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, मंदसौरः** वर्तमान समय में माता-पिता, पुत्र-पुत्रियों के करियर को लेकर ज्यादा चिंतित रहते हैं। 30-32 वर्ष की आयु तक की युवतियां विवाह नहीं कर रही हैं तथा करियर की चिन्ता कर रही हैं जिसके कारण पुत्र-पुत्रियों के विवाह समय पर नहीं हो रहे हैं। पुत्र उच्च शिक्षित होने के बाद घर-परिवार का परंपरागत व्यवसाय करने की बजाय दूसरों की नौकरी करना चाह रहा है। पुत्र-पुत्रियों के ऐसे क्रियाकलापों से माता-पिता का चिंतित होना स्वाभाविक है लेकिन माता-पिता को विचार करना चाहिये कि ऐसी परिस्थिति क्यों निर्मित हो रही है? आखिर कहीं संस्कारों की कमी तो इसका कारण नहीं है? उक्त उद्गार परम पूज्य जैन संत मुनिराज पवित्ररत्नविजयजी म.सा. ने प्रत्यक्ष रत्नविजयजी म.सा. की पावन उपस्थिति में आयोजित धर्मसभा व्याख्यान में कहे।

## दिल्ली शैक्षणिक भ्रमण पर गए लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के विद्यार्थी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 25 और 26 सितंबर को दिल्ली का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. भास्कर दुबे के नेतृत्व में 22 विद्यार्थी एवं शिक्षक इस यात्रा में शामिल हुए। यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश की प्रमुख राजनीतिक एवं संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने सर्वोच्च न्यायालय का शैक्षणिक अवलोकन किया और न्यायपालिका की भूमिका, संवैधानिक व्यवस्था तथा न्यायिक प्रक्रिया को समझा। राष्ट्रपति भवन के भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति के संवैधानिक पद और भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में उसके महत्व की जानकारी प्राप्त की। यात्रा का प्रमुख आकर्षण नई दिल्ली स्थित ष्टस्ष्ठस् में राजनीति विज्ञान के विद्वान डॉ. राजीव भार्गव से संवाद रहा। विद्यार्थियों ने समकालीन राजनीति, लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक-राजनीतिक विषयों से जुड़े प्रश्न किए। डॉ. भार्गव ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। यात्रा में विभागाध्यक्ष डॉ. भास्कर दुबे, प्रो. मोहर सिंह गुर्जर, दिनकर कद्रे, मंजू जैन सहित 22 विद्यार्थी शामिल रहे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीयूष दुबे ने कहा कि ऐसी यात्राएं विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव देती हैं और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति उनकी समझ विकसित करती हैं।

## ग्राम दिल्लोद-सुतारपुरा में 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' संपन्न



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, शाजापुरः** जले के ग्राम दिल्लोद-सुतारपुरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में गोपालसिंह , धन्नालाल एवं तेजसिंह मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं से जुड़ी लाडली बहनों, लाडली लक्ष्मी बालिकाओं और मातृ वंदना योजना के सदस्यों का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को स्वास्थ्य, पोषण और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। समारोह के अंत में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अतिथियों, कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से पौधारोपण किया गया।

# उज्जैन को 172 करोड़ की सौगात, दस ई-बसों से शुरू हुई 'उज्जैन दर्शन' सेवा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में रविवार को विकास कार्यों की कई सौगातें मिलीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महाकाल लोक परिसर से पीएम ई-बस सेवा और 'उज्जैन दर्शन' सेवा का शुभारंभ किया। इसके साथ ही 172.87 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री ने ई-बस में सफर कर नई सेवा का अनुभव भी लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि करीब 21 वर्ष पहले राज्य परिवहन निगम की बस सेवा बंद होने के बाद शहर में सार्वजनिक परिवहन की कमी थी। अब ई-बस सेवा के माध्यम से इस कमी को दूर किया जा रहा है। उज्जैन में 10 इलेक्ट्रिक बसें श्रद्धालुओं और पर्यटकों को प्रमुख धार्मिक स्थलों तक पहुंचाएंगी। बसों में लाइव सीसीटीवी, जीपीएस ट्रैकिंग, डिजिटल भुगतान और डिजिटल असिस्टेंट-सह-गाइड की सुविधा रहेगी।



**172 करोड़ के विकास कार्यः** समारोह में 153.31 करोड़ रुपये के 12 कार्यों का भूमिपूजन और 19.56 करोड़ रुपये के तीन पूर्ण कार्यों का लोकार्पण किया गया। इनमें गौशाला मार्ग से शिप्रा विहार मार्ग, आधुनिक पार्किंग, महाकाल मंदिर परिसर का विस्तार, शिप्रा घाटों का जीर्णोद्धार, लैंडस्केपिंग और 45 नगरीय वनों का विकास शामिल है। नीलगंगा और उन्हेल में पुलिस आवास व थाना भवन तथा बड़नगर में 33/11 केवी उपकेंद्र का लोकार्पण भी किया गया।

शहर में स्थानीय आवागमन के लिए 12 बस मार्ग भी निर्धारित किए गए हैं। इनमें तपोभूमि-पान विहार, रेलवे स्टेशन-कालियादेह महल, देवास गेट-तपोभूमि, देवास गेट-नानाखेड़ा सहित अन्य मार्ग शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने उज्जैन को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ने तथा इंदौर-भोपाल-जबलपुर औद्योगिक गलियारे के विकास की बात भी कही। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का श्रवण किया। सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच नई परिवहन व्यवस्था को श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों के आवागमन को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

### 18 धार्मिक स्थलों की यात्रा 200 रुपये में

'उज्जैन दर्शन' सेवा का 27.01 किलोमीटर लंबा मार्ग मेघदूत वन पार्किंग से शुरू होकर महाकाल लोक, हरसिद्धि मंदिर, क्षिप्रा नदी, ऋणमुक्तेश्वर महादेव, भर्तृहरि गुफा, गढ़ कालिका, काल भैरव, सिद्धवट, अंगारेश्वर, मंगलनाथ, सांदीपनि आश्रम, भूखी माता, चिंतामण गणेश, अष्ट विनायक, शनि नवग्रह, इस्कॉन मंदिर, बस स्टैंड और उज्जैन रेलवे स्टेशन से होते हुए वापस मेघदूत वन पार्किंग पहुंचेगा। इसका किराया 200 रुपये निर्धारित किया गया है। यात्री बीच के निर्धारित स्थानों पर उतरकर दर्शन करने के बाद उसी टिकट से अगली उपलब्ध बस में यात्रा जारी रख सकेंगे।

# महाकाल लोक में नए थाने का शुभारंभ सुरक्षा व्यवस्था होगी और मजबूत



**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के महाकाल लोक परिसर की सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नवनिर्मित महाकाल लोक थाने का रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकार्पण किया। वाहन विश्राम स्थल (पार्किंग) और अन्न क्षेत्र के समीप बनाए गए इस थाने से परिसर में पुलिस की मौजूदगी और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजन-अर्चन कर थाने का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री ने थाना भवन और वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

महाकाल लोक में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। पर्व और त्योहारों के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ जाती है। ऐसे में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और श्रद्धालुओं को तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से परिसर में थाने की स्थापना की गई है।

नए थाने में नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। यहां से महाकाल लोक परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी। किसी भी आपात स्थिति, अव्यवस्था, सामान गुम होने या अन्य घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंच सकेगी।

थाना शुरू होने से महाकाल लोक, वाहन विश्राम क्षेत्र, अन्न क्षेत्र और आसपास के हिस्सों में सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

# ब्राह्मण समाज के समारोह में मेधावी प्रतिभाओं का सम्मान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित मेधावी सम्मान समारोह में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाएं उत्तीर्ण कर सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। इसके अलावा कविता, खेल और समाजहित के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को भी स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

समारोह में पूर्व शिक्षा मंत्री मुकेश नायक मुख्य अतिथि रहे। विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष एवं अटेर विधायक हेमंत कटारे, प्रदेश कांग्रेस के मोटिवेशनल स्पीकर संजय कामले, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व सहकारी बैंक अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश कटारे, वरिष्ठ समाजसेवी एवं धर्मश्री संस्था अध्यक्ष मनोज कटारे तथा किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष यशवंत दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

ब्राह्मण समाज अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि कक्षा 10वीं, 12वीं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य प्रतिभावान विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाना और उन्हें आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है।

उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने कहा कि शिक्षित युवा समाज की रीढ़ हैं। युवाओं को शिक्षा के साथ अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में समाजजनों ने प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन किया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

## शाही मस्जिद हटाने की तैयारी का विरोध

**उज्जैन।** सिंहस्थ-2028 के लिए प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रही शाही मस्जिद को हटाने की तैयारी का मुस्लिम समाज ने विरोध किया है। शनिवार रात से बड़ी संख्या में लोग मस्जिद के अंदर और बाहर एकत्रित हुए। प्रशासन ने संभावित कार्रवाई को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल और आरएएफ की तैनाती की है। मुस्लिम समाज ने मामले में हाईकोर्ट में अपील की है, जिस पर सोमवार को सुनवाई होगी। इमाम मोहम्मद इब्राहिम ने धार्मिक स्थल को नहीं हटाने की मांग की है। प्रशासन के अनुसार गोपाल मंदिर मार्ग का चौड़ीकरण सिंहस्थ की तैयारियों के लिए जरूरी है।

## नगरपालिका कर्मचारियों की भूख हड़ताल शुरू

**मंदसौर।** नगर में गांधी चौराहे पर नगर पालिका कर्मचारियों ने 15 सूत्रीय मांगों को लेकर भूख हड़ताल शुरू कर दी है। नगर पालिका कर्मचारी संयुक्त मोर्चा और विभिन्न संगठनों से जुड़े कर्मचारियों ने रविवार को धरना दिया। कर्मचारी 19 सितंबर से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है कि लंबे समय से ज्ञापन देने के बावजूद मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। मोर्चे ने मुख्यमंत्री और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

# पार्वती और कुलासी नदी में किसानों का जल सत्याग्रह, थाली बजाकर जताया विरोध

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** शाजापुर और भोपाल जिले के किसानों का सीहोर विद्युत मंडल के खिलाफ आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। सीहोर और शाजापुर जिले के किसानों ने पार्वती नदी में जल सत्याग्रह कर थाली बजाकर विरोध जताया, वहीं भोपाल जिले के ग्राम टीलाखेड़ी सहित आसपास के किसानों ने शनीवार को कुलासी नदी में उतरकर जल सत्याग्रह किया।



किसान नेता प्रहलाद हाड़ा के अनुसार, ग्राम भैंसा-नागिन में करीब पांच माह पूर्व खेत में काम कर रहे किसान की झूलती 11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। इसके अलावा ग्राम ढाबला में किसान की मौत, बरबेली में किसान के गंभीर रूप से घायल होने तथा ग्राम मोरिया में महिला किसान की विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौत का मामला सामने आया है। ग्राम कुलास कला में करंट लगने से गाय की मौत होने की बात भी किसानों ने कही है। किसानों का आरोप है कि झूलती विद्युत लाइनों के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। किसान सीहोर विद्युत मंडल के अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री एवं श्यामपुर के सहायक यंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि लाइनमैन स्तर के कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ अभी तक कार्रवाई नहीं हुई। किसान एवं समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में करीब 25 गांवों के 500 से अधिक किसान पिछले दो माह से आंदोलन कर रहे हैं। किसानों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, ऊर्जा मंत्री, प्रभारी मंत्री, राज्यपाल, विद्युत मंडल के एमडी ऋषि गर्ग, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन दिए जा चुके हैं।

**बिजली बिलों में राहत की भी मांग :** रविवार को किसान अनीश मियां, पूर्व सरपंच, किसान रफीक, ग्राम धोबीखेड़ी, भगवानसिंह मेवाड़ा, ग्राम बड़वेली तथा टीलाखेड़ी, देवली के पूर्व सरपंच इरफान भाई सहित किसानों ने कहा कि गांवों से खेतों तक विद्युत लाइनें झूल रही हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। किसानों ने घरेलू कनेक्शनों पर अधिक बिजली बिल आने की समस्या का निराकरण करने और बिलों में राहत देने की मांग की।

किसानों ने कहा कि समय रहते विद्युत लाइनों को दुरुस्त करने, बिजली बिलों की समस्या का समाधान करने और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। किसानों ने कहा कि वे अलग-अलग गांवों में धरना-प्रदर्शन जारी रखेंगे और जरूरत पड़ने पर भोपाल से दिल्ली तक आंदोलन ले जाकर जंतर-मंतर पर प्रधानमंत्री जी से न्याय की मांग करेंगे।

# घायल पर एफआईआर के विरोध में चक्काजाम एसपी कार्यालय के सामने दिया धरना



**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** ग्राम नेवली निवासी घायल नंदकिशोर पर पुलिस द्वारा धारा 327 लगाए जाने के विरोध में रविवार को परिजन और ग्रामीणों ने एसपी कार्यालय के सामने चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने नंदकिशोर पर दर्ज धारा हटाने और 21 सितंबर को हुई घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

परिजनों का आरोप है कि 21 सितंबर को राहुल बैरागी ने सोते समय नंदकिशोर पर हमला किया था, जिससे वह घायल हो गया। उनका कहना है कि घटना में घायल होने के बावजूद नंदकिशोर के खिलाफ भी धारा 327 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। इसी के विरोध में परिजन और ग्रामीण एसपी कार्यालय पहुंचे और धरना देते हुए चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर एसडीएम मनीष शर्मा और एसडीओपी प्रतिभा शर्मा मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से आवेदन लेकर मामले की जांच का आश्वासन दिया। इसके बाद करीब आधे घंटे में ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया। एसडीओपी प्रतिभा शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन की जांच की जाएगी। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के आश्वासन के बाद स्थिति सामान्य हुई।

## रघुवंशी समाज की प्रदेश टीम में देवेंद्र को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी

**गंजबासौदा।** अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद ने संगठनात्मक विस्तार के तहत प्रदेश स्तर पर नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष प्रह्लाद सिंह रघुवंशी की अनुशंसा और राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर रघुवंशी के अनुमोदन के बाद ओमवीर सिंह रघुवंशी को प्रदेश प्रवक्ता तथा गंजबासौदा के पत्रकार देवेंद्र रघुवंशी को प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी महासचिव राकेश सिंह रघुवंशी ने दोनों नियुक्तियों की घोषणा की। संगठन ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से परिषद की गतिविधियों, सामाजिक सरोकारों और संगठनात्मक कार्यक्रमों को समाज के बीच प्रभावी ढंग से पहुंचाने की अपेक्षा जताई है। नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता ओमवीर सिंह रघुवंशी शिक्षक हैं और मंच संचालन के साथ सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय हैं। वहीं देवेंद्र रघुवंशी पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं और सामाजिक सरोकारों तथा जनहित से जुड़े विषयों को प्रमुखता से सामने रखते हैं। परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि दोनों की क्षमताओं और अनुभव का उपयोग संगठन की गतिविधियों को समाज के बीच व्यापक स्तर तक पहुंचाने में किया जाएगा। नियुक्तियों के बाद समाजजनों और परिषद के पदाधिकारियों ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

# 40 साल पुरानी मंडी दुकानों की गैलरी भरभराकर गिरी, बड़ा हादसा टला

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रतलामः** सैलाना बस स्टैंड के पास स्थित थोक सब्जी मंडी के बाहर बनी सात दुकानों की गैलरी शनिवार रात अचानक भरभराकर गिर गई। घटना रात के समय होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। गैलरी गिरने से दुकानों के सामने लगे टीन के शेड, बिजली मीटर और वायरिंग क्षतिग्रस्त हो गई।

गैलरी गिरने की आवाज और सूचना मिलने पर दुकानदार मौके पर पहुंचे। रविवार सुबह तक दुकानों के सामने मलबा पड़ा रहा। मुख्य सड़क से लगी दुकानें होने के कारण सुबह यहां से गुजरने वाले लोग भी मौके पर रुककर स्थिति देखते रहे।

बताया जा रहा है कि शनिवार देर रात शहर में तेज हवाएं चल रही थीं। शुरुआती तौर पर तेज हवा को गैलरी गिरने की वजह माना जा रहा है, हालांकि दुकानों की गैलरी पहले से ही जर्जर स्थिति में थी। गिरी हुई



गैलरी की दीवारें आपस में जुड़ी हुई थीं। आसपास की कुछ अन्य दुकानों की गैलरी भी जर्जर बताई जा रही है।

दुकानदारों के अनुसार यदि गैलरी दिन के समय गिरती तो यहां मौजूद लोगों और दुकानदारों की जान को खतरा हो सकता था। मंडी गेट के पास होने के कारण दिनभर इस स्थान पर लोगों की आवाजाही रहती है। घटना के बाद आसपास की जर्जर दुकानों को लेकर भी दुकानदारों में चिंता है। मंडी प्रशासन की ये दुकानें करीब 40 वर्ष पुरानी बताई जा रही हैं और लीज पर दी गई हैं।